**Shree Rajasthan Syntex Limited**

**Regd. & H. O.:** 'SRSL House', Post Box No. 209, N.H.8, Pulla Bhuwana Road, UDAIPUR - 313 001 (Raj.) India
✆ (0294) 2440334 E-mail: houdr@srsl.in
Web site: www.srsl.in CIN : L24302RJ1979PLC001948

HO/SRSL/SEC
16th February, 2021

The
BSE Limited,
25th Floor, P.J. Towers,
Dalal Street, Fort,
**MUMBAI- 400 001**

**Ref : SHREE RAJASTHAN SYNTEX LTD.** **Scrip Code: 503837**

**Subject: Newspaper Advertisement- Pursuant to Regulation 47 of SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements)Regulations, 2015 (Notice of Postal Ballot)**

Dear Sir/ Madam

This is with reference to postal ballot notice given to shareholders on 15th February, 2021. Pursuant to Regulation 47 of SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements)Regulations, 2015, please find enclosed copies of Newspaper advertisements, regarding Notice of Postal Ballot by remote e- voting published in the columns of English Daily "Financial Express", Delhi edition and Hindi Daily "Business Remedies", Jaipur edition on 16th February, 2021, both Newspapers having electronic edition.

This is for your information and record.

Thanking You,

Yours Faithfully,
**For SHREE RAJASTHAN SYNTEX LTD.**

**Anubhav Ladia**
**(Whole Time Director)**
**DIN: 00168312**

SHREE RAJASTHAN SYNTEX LTD. UDAIPUR

Encl.: As above



Scanned with CamScanner

BUSINESS

## न्यूज ब्रीफ

### परिवहन कार्मिकों ने दिया सड़क सुरक्षा का संदेश



**जयपुर।** जब हेलमेट हाथ में लेकर रंगमंच पर कलाकार अभिनय कर सकते है तो हेलमेट पहनकर बाइक चलाने में कैसी समस्या? हेलमेट न केवल पुलिस के चालान से बचाता है बल्कि आपकी अमूल्य जिंदगी की सुरक्षा भी करता है। इसलिए वाहन चलाते समय हमेशा यातायात नियमों की पालना करनी चाहिए। यहीं संदेश परिवहन विभाग के कार्मिकों ने रंगमंच पर अभिनय करते हुए दिया। बड़ी बात है कि इस नाटक में सभी कलाकार परिवहन विभाग के कार्मिक ही रहे। सोशल मीडिया पर लाइव हुए नाटक में उनके अभिनय ने दर्शकों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक रहने और सामाजिक जिम्मेदारी निभाने की अपील की। नाटक नेटकृथियेट के फाउंडर अनिल मारवाड़ी द्वारा लिखित एवं निर्देशित है। अ प्रादेशिक परिवहन अधिकारी राकेश शर्मा भी नेट-थियेट पर लाइव हुए। उन्होंने कार्मिकों की पहल की सराहना की। उन्होंने कहा कि सड़क पर हो रही दुर्घटनाएं कोराना से ज्यादा खतरनाक है। हमें कोरोना जितनी ही सर्तकता बरतकर लोगों का जीवन बचाना चाहिए। जिला परिवहन अधिकारी रविंद्र जोशी ने बताया कि दुर्घटनाग्रस्त आदमी को एक घंटे में मदद दी जाए तो उसके बचने के उम्मीद बढ़ जाती है। इसे ही गोल्डआवर कहते है। वहीं जिला परिवहन अधिकारी राजीव विजय ने बताया कि सड़क पर दुर्घटनाग्रस्त की मदद करने वाले 'गुड सेमेरिटन' को अब पुरस्कृत किया जाता है। इसलिए आमजन को सबसे पहले तो दुर्घटनाएं रोकने के प्रयास करने चाहिए। साथ ही दुर्घटनाग्रस्त की मदद में आगे आना चाहिए। नेट-थियेट के राजेंद्र शर्मा ने बताया कि पूरा नाटक हेलमेट की सहायता से किया गया। अंत में यही संदेश दिया कि जब नाटक हेलमेट के साथ बिना बाधा के किया जा सकता है तो सड़क पर दोपहिया वाहन बिना हेलमेट के क्यूं? हम सबको यातायात नियमों की पालना करनी और करानी चाहिए।

### ऑनलाइन आर्ट वर्कशॉप में दर्शकों ने 'केरला म्यूरल' के बेसिक्स को समझा

**जयपुर।** कला एवं संस्कृति विभाग, राजस्थान सरकार और जवाहर कला केंद्र (जेकेके) द्वारा राजस्थान स्टूडियो के सहयोग से 'केरला म्यूरल' पर ऑनलाइन आर्ट वर्कशॉप का आयोजन किया गया। वर्कशॉप का संचालन कलाकार किरण राजे ने किया। वर्कशॉप को रजिस्टर्ड प्रतिभागियों के लिए जूम पर आयोजित किया गया था और जेकेके के फेसबुक पेज पर भी लाइव स्ट्रीम किया गया था। वर्कशॉप में लगभग 100 प्रतिभागियों ने भाग लिया, जिन्हें 'केरला म्यूरल' के बेसिक्स, प्रोसेस, उपयोग में आने वाले मटेरियल, उसके इतिहास, महत्व, कलर्स, ड्राइंग और शेडिंग आदि के बारे में सिखाया गया। इस अवसर पर जेकेके की महानिदेशक मुग्धा सिन्हा ने कहा कि जेकेके ने कलाकारों और आर्ट स्टूडियो के साथ जुड़ने की पहल की है।

### कॉस्टेलिनोऑय फाउंडेशन द्वारा निःशुल्क मेडिकल कैम्प का आयोजन




**जयपुर।** कॉस्टेलिनोऑय फाउंडेशन द्वारा 13 वां निःशुल्क मेडिकल कैम्प आयोजन किया गया। यह मेडिकल कैम्प कसॅटेलिनो ऑय फाउंडेशन, दृष्टि ऑय हॉस्पिटल एवं पिंक विनायक हॉस्पिटल के सयुंक्त तत्वावधान में आयोजित किया गया। कसॅटेलिनो ऑय फाउंडेशन के डायरेक्टर मॉइकल कॉस्टेलिनो ने बताया कि इस निःशुल्क मेडिकल कैम्प में दृष्टि ऑय हॉस्पिटल एवं पिंक विनायक हॉस्पिटल के विशेषज्ञ डॉक्टर की टीम द्वारा निःशुल्क परामर्श व जांचें की गयी। साथ ही दवाई व भोजन के पैकेट निःशुल्क वितरित किये गए।

### 'मधु उत्सव' का आयोजन आज

**जयपुर।** कलाश्रय ढूढाड़ आट्र्स काउंसिल की ओर से 16 फरवरी को द क्वेच और थिरक इंडिया 'मधु उत्सव' का आयोजन किया जायेगा। यह कार्यक्रम शाम 6 बजे से 'थिरक इंडिया कल्चरल सोसायटी' के फेसबुक और इंस्टाग्राम पेज सहित द क्वेच ग्लोबल के इंस्टाग्राम पेज पर लाइव स्ट्रीम किया जाएगा। कार्यक्रम में पंडित आलोक भट्ट, पंडित गिरधारी महाराज, डॉ. ज्योति भारती गोस्वामी, पद्मश्री मोइनुद्दीन खान, एसएनए अवार्डी प्रेरणा श्रीमाली सहित कई अन्य भारतीय शास्त्रीय क्षेत्र के विश्व प्रसिद्ध और प्रतिभाशाली कलाकार मन मोहक प्रस्तुतियां देंगे।

## धुआं-धूप

धुआं और धूप दोनों की तुलना करिए। क्या अच्छा है क्या बुरा। या कभी कोई अच्छा कभी कोई बुरा। चिंतन की चौखट पर समाधान मिलेगा। धुएं में काम करने से आंखों की रोशनी कम हो जाती है तब मानव अपनी निर्धारित पहुंच खो बैठता है। बीड़ी सिगरेट चिलम आदि का धुआं सेहत को मटियामेट कर देता है। इतना सब सामने होते हुए भी चेतना जिंदगी के दुर्लभ श्वासों का धुआं देखकर हर्षाए हैं ना आश्चर्य। कभी अगरबत्ती का धुआं प्रिय लगता है क्योंकि वो मन को महका देता है तन को ताजगी से भर लाता तो कभी गीली लकड़ी कण्डों का धुआं आंखों को पानी से भिगो देता है। विवेक रखिए, जिंदगी को कफन का धुआं लगे उससे पहले अगरबत्ती की तरह चिंतन, सद्गुणों की खुशबू से तर कर लें ताकि लकड़ी कंडे के खारे धुएं की तरह आंसुओं के सहारे घुट-घुट कर ना रहे और जब धूप के सहारे कोई मंगल कार्य किया जाता है तब चेहरों को नूर मन भावन पर नजर आता है। सर्दी की बर्फीली हवाएं अपना रूख बरसा रही होती है तो कभी जेठ-बैसाख की भरी दुपहरी में चिलचिलाती धूप मरूप्रदेश में राहगीर को बेहाल भी कर देती है। कठिनाई की धूप में स्वयं को संतुलन के साथ मांगलिक मिशाल की मिसाल बनाएं न कि तपती गर्मी की धूप की तरह बेहा करें।

**चिंतनशीला वसुमति जी मा.सा.**

## 'चित्तौड़गढ़ की सीमेन्ट फैक्ट्रियों के सीएसआर क्रियान्वयन में राज्य सरकार की कोई भूमिका नहीं'



**जयपुर।** उद्योग मंत्री परसादी लाल मीना ने स्पष्ट किया कि चित्तौड़गढ़ में संचालित विभिन्न सीमेन्ट फैक्ट्रियों एवं हिन्दुस्तान जिंक के सीएसआर के क्रियान्वयन, स्वीकृति एवं मॉनीटरिंग में राज्य सरकार की कोई भूमिका नहीं है। उन्होंने कहा कि यह भारत सरकार के अधीन है।

इससे पहले विधायक चन्द्रभान सिंह आक्या के मूल प्रश्न के लिखित जवाब में मीना ने बताया कि विधानसभा क्षेत्र चित्तौड़गढ़ में संचालित विभिन्न सीमेंट फैक्ट्रियों एवं हिन्दुस्तान जिंक द्वारा सीएसआर मद से विकास कार्य करवाये जाते हैं। उन्होंने विगत 3 वर्षों में सीएसआर के तहत किये गये व्यय एवं कार्यों का विवरण सदन के पटल पर रखा। उन्होंने बताया कि उल्लेखनीय है कि सीएसआर के दायरें में आने वाली कम्पनियों को उनके विगत 3 वर्षो में अर्जित शुद्ध लाभ के औसत का 2 प्रतिशत विभिन्न कॉरपोरेट सामाजिक दायित्वों में कम्पनी की सीएसआर कमेटी द्वारा निर्धारित नीति अनुसार शेडयूल-टप्प् में सम्मिलित सीएसआर गतिविधियों पर ही व्यय किये जाने का प्रावधान है। उन्होंने बताया कि सीएसआर व्यय की सूचना सीएसआर कम्पनियों द्वारा कॉरपोरेट कार्य मंत्रालय, भारत सरकार को ही प्रेषित की जाती हैं तथा भारत सरकार द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुसार सीएसआर फण्ड की मॉनिटरिंग हेतु राज्य सरकार को कोई अधिकार प्राप्त नहीं है। उद्योग मंत्री ने बताया कि कॉरपोरेट कार्य मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा जारी सामान्य परिपत्र संख्या 01/2016 दिनांक 12 जनवरी 2016 के बिन्दु सख्ंया 18 में यह स्पष्ट उल्लेखित है कि कंपनियों द्वारा सीएसआर के कार्यान्वयन की निगरानी में सरकार की कोई भूमिका नहीं है। राज्य सरकार विकास कार्य करने हेतु इन फैक्ट्रियों को मात्र प्रोत्साहित कर सकती है।

### नगर निगम उपायुक्त ने किया अपना घर आश्रम का अवलोकन

**बीकानेर।** बीकानेर नगर निगम उपायुक्त पंकज शर्मा ने अपना घर आश्रम का अवलोकन किया। उपायुक्त पंकज शर्मा ने आश्रम की सुविधाएं देखी। उपायुक्त पंकज शर्मा ने आश्रम के सभी पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों की प्रशंसा करते हुए अपने शब्दों में कहा कि अपना घर आश्रम का कार्य बहुत ही अनुकरणीय है और यहाँ पर नर सेवा नारायण सेवा का अभूतपूर्व उदाहरण देखने को मिला। इस मौके पर अपना घर आश्रम के अध्यक्ष द्वारकाप्रसाद पच्चिसिया, समाजसेवी आदर्श शर्मा, डॉ. आशीष सोलंकी, रोहित पच्चीसिया, राजू शर्मा, मोनू गहलोत, झंवरलाल सुथार व सेवादार आदि मौजूद रहे।

## बालोतरा में पेट्रो केमिकल व टैक्सटाइल कॉलेज खोलने की कार्य योजना : उच्च शिक्षा राज्य मंत्री

**जयपुर।** उच्च शिक्षा राज्य मंत्री भंवरसिंह भाटी ने बताया कि बाडमेर जिला मुख्यालय पर चल रहे राजकीय इंजीनियरिंग महाविद्यालय में पेट्रोलियम इंजीनियरिंग से संबन्धित कोर्स शुरू किये जा रहे है। उन्होंने स्पष्ट किया कि बालोतरा मुख्यालय पर पेट्रोकेमिकल्स, टेक्सटाईल एवं पर्यावरण सहित अन्य संकायों के इंजीनियरिंग कॉलेज खोलने के बारे में प्रस्ताव विचारधीन नहीं है।

भाटी ने प्रश्नकाल में विधायकों की ओर से इस सम्बन्ध मे पूछे गये पूरक प्रश्नों के जवाब में तकनीकी शिक्षा राज्य मंत्री की ओर से बताया कि राज्य में गत दो वर्षों में खोले गये महाविद्यालयों में से 24 महाविद्यालयों के भवन डी.एम.एफ.टी मद से बनवाना तय हुआ है। उन्होंने बताया कि डी.एम.एफ.टी की राज्य स्तरीय बैठक में 8 महाविद्यालयों को 6.6 करोड़ रूपये भवन निर्माण हेतु स्वीकृत किये गये है। उन्होंने बताया कि भविष्य में आयोजित की जाने वाली डी.एम.एफ.टी की बैठक में शेष रहे महाविद्यालयों में भवन निर्माण हेतु राशि देने के प्रस्ताव पर निर्णय लिया जायेगा। उन्होंने आश्वस्त किया कि प्रदेश में जो नये महाविद्यालय खोले गये है और जो अस्थाई भवनों में चल रहे है, उन सबके लिए राजकीय भवन बनाने का कार्य किया जायेगा।

इससे पहले विधायक मदन प्रजापत के मूल प्रश्न के लिखित जवाब में भाटी ने बताया कि तकनीकी शिक्षा को बढ़ावा देने की दृष्टि से विभाग के अधीन संचालित पॉलिटेक्निक महाविद्यालयों में स्टूडेंट एडवाइजरी एवं गाइडेंस ब्यूरो चालू कर दिये गये है। सत्र 2020-21 से सेमेस्टर आधारित पाठ्यक्रम पॉलिटेक्निक महाविद्यालयों में लागू किया गया है। विद्यमान ब्रांच की क्षमता में परिवर्तन करते हुये व्यवसाय उन्मुख नवीन ब्रांच रोबोटिक्स, मैकेट्रोनिक्स, साइबर फोरेसिंक एंड इनफोरमेशन सिक्योरिटी सत्र 2020-21 से 19 पॉलिटेक्निक में नवीन ब्रांच शुरू की गई तथा तीन अभियांत्रिकी महाविद्यालयों में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एण्ड डेटा सांइस, मशीन लर्निंग, इन्टरनेट ऑफ थिंग्स प्रारंभ कर दिये गये हैं। इसके अतिरिक्त विभाग द्वारा ऑटोकैड, रेफ्रिजरेशन, अनुरक्षण विषयक कोर्स कराये जा चुके है। समय की मांग के अनुसार संबंधित संस्थाओं से निरन्तर समन्वय व सामन्जस्य स्थापित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि वर्तमान में बाड़मेर जिले में विभाग के अन्तर्गत संचालित इंजीनियरिंग कॉलेज में पेट्रोलियम इंजीनियरिंग सहित अन्य शाखाओं का संचालन होने से तकनीकी शिक्षा के पर्याप्त अवसर उपलब्ध है।

## बीकानेर के जयनारायण व्यास कॉलोनी में रुकमणी आइसक्रीम पार्लर का हुआ उद्घाटन



**बीकानेर।** बीकानेर के जयनारायण व्यास कॉलोनी में रुकमणी पार्लर शोरूम का उद्घाटन औद्योगिक विवाद एवं शिकायत निवारण तंत्र के सदस्य रमेश कुमार अग्रवाल व रामचंद्र सुंडा ने किया। इस मौके रमेश अग्रवाल ने कहा कि शहर से सटती व्यास कॉलोनी में नामचीन उत्पादों के प्रतिष्ठान शुरू होने से व्यापार की नई राह विकसित होगी। साथ ही यहां निवासियों को अच्छे व गुणवत्ता युक्त प्रोडेक्ट आसानी से मिल सकेंगे। कार्यक्रम में महेंद्र आचार्य, संजय कटारिया, साना इंटरनेशनल स्कूल के निदेशक कमलेश चंद्र, प्राचार्य पुष्पलता झां, संजना चौधरी, आर.पी. सिंह, शांति देवी, सुमन अग्रवाल सहित गणमान्य लोग शामिल हुए। प्रतिष्ठान संचालक विभूति नाथ झा ने बताया कि कॉलोनी के वाशिंदों को अब ब्रांडेड कंपनी की आइसक्रीम के लिए दूर नहीं जाना पड़ेगा।

### बीइंग मानव की 'स्कूल चलें हम' पहल

**उदयपुर।** एम स्क्वायर फाउंडेशन की बीइंग मानव पहल के तहत 'स्कूल चलें हम' पहल शुरू की गई है। इस पहल के तहत उदयपुर के आसपास के गांवों के स्कूल जाने वाले बच्चों को आपके द्वारा गिफ्ट की गई स्कूल बैग किट को वितरित किया जाएगा।

संयोजिका पलक डोडेजा ने बताया कि स्कूल का नया सेशन शुरू होने वाला है। ऐसे में आपके पुराने बैग और स्टेशनरी का सामान आपके बच्चों के काम नहीं आएगा। ऐसे में आप अपने बच्चों के माध्यम से जो भी स्टेशनरी आपके बच्चों के काम नहीं आ रही हो जैसे नोटबुक्स, किताबें, पेन, पेंसिल, रबर इत्यादि को बैग में भरकर एक गिफ्ट किट तैयार कर उसे बीइंग मानव डिपार्टमेंटल स्टोर पर जमा करवाएं।

### ऊंट संरक्षण के लिए 23 करोड़ 65 लाख रूपये की योजना बनाई गयी : पशुपालन मंत्री

**जयपुर।** पशुपालन मंत्री लालचंद कटारिया ने सोमवार को विधानसभा में बताया कि अगले 3 वर्षो में राज्य में ऊंट संरक्षण के लिए 23 करोड़ 65 लाख रुपये की योजना बनाई है। इसका प्रस्ताव भारत सरकार को भेजा गया है। अनुमोदन मिलते ही योजना लागू कर तेजी से ऊंट संरक्षण का काम किया जायेगा।

कटारिया ने प्रश्नकाल के दौरान इस सम्बन्ध में विधानसभा द्वारा पूछे गये पूरक प्रश्न के जवाब में बताया कि ऊंट संरक्षण के लिए ऊंट को 16 सितंबर 2014 को राज्य पशु घोषित किया गया। और वर्ष 2015 में कानून बना। इसके बाद ऊंटों से परिवहन और वध पर रोक जरूर लगी लेकिन लोगों ने इनको जंगलों में छोड़ दिया।

## 16 गोल का केरिसिल जयपुर ओपन फॉर ब्रिगेडियर एचएच महाराजा सवाई भवानी सिंह टूर्नामेंट आज से




**जयपुर।** ब्रिगेडियर एचएच महाराजा सवाई भवानी सिंह टूर्नामेंट के लिए प्रतिष्ठित 16 गोल केरिसिल जयपुर ओपन का आज से आगाज होने जा रहा है। यह टूर्नामेंट 16 फरवरी से 21 फरवरी तक आयोजित होगा। 20 साल के अंतराल के बाद यह पहली बार है जब जयपुर में 16 गोल का टूर्नामेंट खेला जाएगा।

यह टूर्नामेंट केरिसिल द्वारा स्पॉन्सर किया गया है। इसी प्रकार का ऐसा हाई-हैंडीकैप मैच पूर्व में वर्ष 2001 में इंडिया ओपन चैंपियनशिप के तहत खेला गया था। यह ट्रॉफी स्वर्गीय एचएच महाराजा सवाई भवानी सिंह की स्मृति में जयपुर के शाही परिवार द्वारा वर्ष 2012 में स्थापित की गई थी और तब से जयपुर पोलो सीजन में नियमित रूप से खेला जा रहा है।

जयपुर के एचएच महाराजा सवाई पद्मनाभ सिंह ने कहा कि इस खेल को अगले स्तर पर ले जाने के लिए जयपुर पोलो अधिक से अधिक अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ियों को एकीकृत करने का प्रयास कर रहे हैं। एचएच महाराजा सवाई भवानी सिंह कप के लिए खेलने वाली सभी चार टीमों में विदेशों के खिलाड़ी हैं।भविष्य में हम यहां खेलने के लिए न केवल विदेशों से और अधिक खिलाड़ियों को लाना चाहते हैं, बल्कि हम पोलो की दुनिया के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों के साथ खेलने के लिए अपने खिलाड़ियों को भी विदेश भेजना चाहते हैं। वे सोमवार को राजस्थान पोलो क्लब में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में बोल रहे थे। इस टूर्नामेंट में सहारा वॉरियर्स, सोना पोलो टीम, लॉस पोलीस्टास/चांदना और पिरामल केरिसिल खेलेंगी।

## पेयजल परियोजनाओं में पारदर्शिता के साथ टिकाऊ काम सुनिश्चित करें : जलदाय मंत्री डॉ. कल्ला



**जयपुर।** जलदाय मंत्री डॉ. बी.डी. कल्ला ने कहा है कि प्रदेश में पेयजल परियोजना के कार्यो में गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं होगा। विभागीय अधिकारी जल जीवन मिशन सहित सभी प्रोजक्ट्स में पारदर्शिता के साथ समयबद्ध रूप से टिकाऊ कार्य करते हुए जनता को बेहतरीन सेवाएं सुलभ कराना सुनिश्चित करे।

डॉ. कल्ला ने शासन सचिवालय के कांफ्रेंस हॉल में जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के तहत राजस्थान वाटर सप्लाई एवं सीवरेज मैनेजमेंट बोर्ड की नीति निर्धारण समिति की बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। जलदाय मंत्री ने अधिकारियों को आगे से यह बैठक हर तीन माह में आयोजित करने और विभाग के तहत क्लोरिनेशन की सुस्पष्ट नीति बनाने के भी निर्देश दिए। जलदाय मंत्री ने कहा कि विभाग के तहत योजनाएं 'फुलप्रूफ' बने, इसके लिए अधिकारी पूरी प्रक्रिया के दौरान सर्तकता और सजगता से कार्य करे। योजनाओं के निर्माण में पानी उपलब्धता का पूरा ध्यान रखा जाएं।

साथ ही सभी प्रोजेक्ट्स में जल संसाधन विभाग से पानी की जितनी मात्रा लिया जाना तय हुआ है, उसके आधार पर अधिकारी फॉलोअप करते हुए लोगों को पूरा लाभ दिलाने के लिए समन्वय से कार्य करे। उन्होंने प्रोजेक्ट्स की डीपीआर समय पर बनाने, उनके अनुमोदन से लेकर टेंडर प्रक्रिया और मौके पर कार्य के बारे में समयावधि का निर्धारण करते हुए टाइमलाइन की पालना के लिए सभी स्तरों पर पूरी गम्भीरता बरतने के भी निर्देश दिए।

### ग्रामीण परिवहन सेवा को लेकर सरकार गंभीर : परिवहन मंत्री

**जयपुर।** परिवहन मंत्री श्री प्रताप सिंह खाचरियावास ने सोमवार को विधानसभा में कहा कि राज्य सरकार ग्रामीण परिवहन सेवा को लेकर अत्यंत गंभीर है। प्रदेश भर में शीघ्र ही ग्रामीण परिवहन सेवा की बसों का संचालन किया जाएगा। खाचरियावास प्रश्नकाल में विधायकों द्वारा इस संबंध में पूछे गये पूरक प्रश्नों का जवाब दे रहे थे।

**JAIN MARMO INDUSTRIES LIMITED**

Regd. Office : 47/10, kiran Path, Mansarowar, Jaipur-302020
Phone No. + 91- 294 2441666, 2441777, Fax: + 91- 294 2440581
Website: www.jainmarmo.com EMAIL: jainmarmo_udr@yahoo.com, CIN : L14101RJ1981PLC002419

**UN-AUDITED FINANCIAL RESULTS FOR THE QUARTER AND NINE MONTH ENDED ON 31ST DECEMBER 2020** Rs. in Lakhs

| Particulars | Quarter Ended 31st December 2020 (Un-Audited) | Quarter Ended 31st December 2019 (Un-Audited) | Nine Month ended 31st December 2020 (Un-Audited) | Year Ended 31.03.2020 (Audited) |
|---|---|---|---|---|
| Total income from operations (net) | 78.59 | 75.92 | 114.17 | 303.72 |
| Net Profit / (Loss) for the period (before Tax, Exceptional and/or Extraordinary items ) | 23.06 | 2.72 | -9.75 | 1.38 |
| Net Profit / (Loss) for the period before tax (after Exceptional and/ or Extraordinary items) | 23.06 | 2.72 | -9.75 | 1.38 |
| Net Profit / (Loss) for the period after tax (after Exceptional and/or Extraordinary items) | 18.09 | 1.94 | -7.40 | 1.16 |
| Total Comprehensive Income for the period [Comprising Profit / (Loss) for the period (after tax) and Other Comprehensive Income (after tax)] | 18.09 | 1.94 | -7.40 | 1.17 |
| Equity Share Capital | 313.06 | 313.06 | 313.06 | 313.06 |
| Reserves (excluding Revaluation Reserve) as shown in the Audited Balance Sheet of the previous year | - | - | - | 85.57 |
| Earnings Per Share (of Rs. 10/- each) (for continuing and discontinued operations) - 1. Basic and Diluted: | 0.58 | 0.06 | -0.24 | 0.04 |

(A)The above Financial Results for the quarter and Nine Month ended December , 31 2020 have been reviewed by the Audit Commmittee and approved by the Board of Directors at their respective meetings held on February 13th 2021
Note:- The above is an extract of the detailed format of quarter and Nine Month ended results filed with the stock Exchanges under Regulation 33 of the SEBI (Listing and Other Disclosure Requirement ) Regulation 2015. The full format of the Un-audited results quarter and Nine Month ended 31.12.2020 are available on the Stock Exchange website (www.bseindia.com) and on the company's website (www.jainmarmo.com)

On behalf of the Board
for Jain Marmo Industries Limited
Sd/-
Sanjay Jain-Whole Time Director
DIN:-01636670

Place:- Udaipur
Date:- 13.02.2021

**श्री राजस्थान सिंटेक्स लि.**

पंजीकृत कार्यालयः 'एसआरएसएल हाऊस', पुला भुवाणा रोड़,एन.एच. 8, उदयपुर - 313004
CIN: L24302RJ1979PLC001948 टेलीफोन .: 0294-2440334; ई-मेल : cs@srsl.in

**पोस्टल बैलट/ई-वोटिंग की सूचना**

सदस्यों को कंपनी अधिनियम,2013 (''अधिनियम'') की धारा 110 सपठित धारा 108, कंपनी (प्रबंधन और प्रशासन) के नियम, 2014 के नियम 22 और नियम 20 , कॉर्पोरेट मामलात के मंत्रालय द्वारा क्रमशः 08 अप्रैल, 2020, 13 अप्रैल, 2020, 15 जून, 2020, 28 सितंबर, 2020 और 31 दिसंबर, 2020 को जारी (इसके बाद 'परिपत्र' के रूप में निर्दिष्ट) सामान्य परिपत्र संख्या 14/2020, 17/2020, 22/2020, 33/2020 और 39/2020 , सेबी (सूचीकरण दायित्व और प्रकटीकरण आवश्यकताएँ) विनियम, 2015 के विनियमन 44 और इंस्टीट्यूट ऑफ कंपनी सेक्रेटरीज ऑफ इंडिया द्वारा जारी सामान्य बैठक (एसएस -2) पर सचिवीय मानक की अनुपालना में कंपनी ने ('कट ऑफ डेट') शुक्रवार 12 फरवरी,2021 तक डिपॉजिटरी या कंपनी के साथ कंपनी के उन सभी सदस्यों को, जिनके ई-मेल एड्रैस पंजीकृत हैं, को केवल इलेक्ट्रोनिक माध्यम से मंगलवार, 9 फरवरी, 2021 को पोस्टल बैलेट नोटिस के साथ सोमवार, 15 फरवरी, 2021 को विवरणात्मक ब्यौरा भेजने का कार्य पूर्ण कर लिया है। संबंधित एमसीए परिपत्रों के अनुसार पोस्टल बैलेट नोटिस और पोस्टल बैलेट फॉर्म की भौतिक प्रति भेजने की आवश्यकता को स्थगित कर दिया गया है।

पोस्टल बैलट नोटिस में निर्धारित विशेष व्यवसाय को केवल दूरस्थ ई-वोटिंग द्वारा पोस्टल बैलट को सेन्ट्रल डिपॉजिटरी सर्विसेज लिमिटेड (सीडीएसएल) द्वारा प्रदान किए गए दूरस्थ ई-वोटिंग प्लेटफॉर्म के माध्यम से किया जायेगा।

1. ई-मतदान की अवधि मंगलवार, 16 फरवरी, 2021, सुबह 9.00 बजे (ए.एम) से शुरू होती है। ई-वोटिंग की अवधि बुधवार, 17 मार्च, 2021, शाम 5.00 बजे (आईएसटी) को समाप्त हो जायेगी, इसके बाद दूरस्थ ई-वोटिंग को अवरुद्ध कर दिया जाएगा। और मतदान को उक्त समय से अधिक की अनुमति नहीं दी जाएगी।
2. केवल वे सदस्य, कट ऑफ डेट यानी शुक्रवार,12 फरवरी,2021 तक जिनका नाम कंपनी के सदस्यों के रजिस्टर में या डिपॉजिटरी द्वारा रखे गए लाभकारी मालिकों के रजिस्टर में दर्ज किया गया है, को ही वोट डालने के हकदार हैं।
3. जिन सदस्यों को पोस्टल बैलेट नोटिस नहीं मिला है, वे info@masserv.com को लिख सकते हैं।
4. पोस्टल बैलेट नोटिस कंपनी की वेबसाइट www.srsl.in, बीएसई लिमिटेड की वेबसाइट www.bseindia.com पर और सीडीएसएल की वेबसाइट CDSL www.cdslindia.com पर उपलब्ध है।
5.यदि आपके पास ई-वोटिंग के बारे में कोई प्रश्न या समस्या है, तो सदस्य श्री राकेश दल्वी, प्रबंधक, सीडीएसएल, ए विंग, 25 वीं मंजिल, मैराथन फ्यूचरएक्स , मफतलाल मिल कम्पाउंड्स, एनएम जोशी मार्ग, लोअर परेल, मुंबई पूर्व 400013 से ईमेलः helpdesk.evoting@cdslindia.com, दूरभाषः 1800-225-533 पर संपर्क कर सकते हैं। आगे सदस्य कंपनी के आरटीए श्री एनसी पाल, प्रबंधक, मास सर्विसेज लिमिटेड, टी -34, द्वितीय तल, ओखला औद्योगिक क्षेत्र, चरण- II, नई दिल्ली -110020 को दूरभाष नंबरः 011-26387281/82/83, ई-मेलः -info@masserv.com पर संपर्क कर सकते हैं। सदस्य कंपनी को cs@srsl.in पर भी लिख सकते हैं।

निदेशक मंडल के आदेश से
श्री राजस्थान सिंटेक्स लि. के लिए
कृते/-
अनुभव लाडिया
(पूर्ण कालिक निदेशक)
DIN: 00168312

दिनांकः 15 फरवरी, 2021
स्थानः उदयपुर

**ओम इंफ्रा लिमिटेड**

(पूर्व नाम ओम मेटल्स इंफ्राप्रोजेक्ट्स लिमिटेड)
सीआईएनः L27203RJ1971PLC003414
पंजीकृत कार्यालयः द्वीतिय तल, ए-ब्लॉक, ओम टॉवर, चर्च रोड़, एम.आई.रोड़, जयपुर-302001
वेबसाइटः www.ommetals.com, ई मेलः info@ommetals.com

**असाधारण सामान्य बैठक और रिमोट ई-वोटिंग के संबंध में सूचना**

यहां यह सूचित किया जाता है कि ईजीएम के नोटिस में निर्धारित व्यवसाय को करने के लिए कंपनी अधिनियम 2013 ('अधिनियम') के प्रावधानों और उनके नियमों , उनके अंर्तगत हुये संशोधनों समेत सपठित कॉर्पोरेट मामलात मंत्रालय (संयुक्त रूप से 'एमसीए परिपत्र के रूप में संदर्भित) परिपत्र सं. 14/2020 दिनांकित 8 अप्रेल 2020,परिपत्र सं. 17/2020 दिनांकित 13 अप्रेल 2020, परिपत्र सं. 22/2020 दिनांकित 15 जून 2020, परिपत्र सं. 33/2020 दिनांकित 28 सितम्बर 2020 और परिपत्र सं. 39/2020 दिनांकित 31 दिसम्बर 2020 की अनुपालना में ओम इंफ्रा लिमिटेड ('कंपनी') की असाधारण सामान्य बैठक ('ईजीएम') बुधवार,10 मार्च,2021 को 01.00 पी.एम. (आईएसटी) पर वीडियो कांफ्रेसिंग ('वीसी') या अन्य श्रवण दृश्य माध्यमों ('ओएवीएम') सुविधा के माध्यम से आयोजित की जायेगी। (बाध्यताओं और प्रकटीकरण आवश्यकताओं को सूचीबद्ध करना) विनियम, 2015 ('सेबी लिस्टिंग के विनियम') संशोधन सहित उपरोक्त पूर्ववर्ती एमसीए परिपत्रों के अनुपालन में, ईजीएम के नोटिस के अधिनियम की धारा 102 और उसके नियम व उसके अंर्तगत हुये संशोधन व भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड के विनियम 44 के प्रावधानों की अनुपालना में यथास्थिति, केवल उन्हीं सदस्यों को इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से भेजे गए हैं, जिनके ई-मेल पते कंपनी / डिपॉजिटरी पार्टिसिपेंट्स (डीपी) / रजिस्ट्रार और शेयर ट्रांसफर एजेंट (आर एंड टी एजेंट) के साथ पंजीकृत हैं।

उपरोक्त दस्तावेज कंपनी की वेबसाइट www.ommetals.com, स्टॉक एक्सचेंजों की वेबसाइट जैसे बीएसई लिमिटेड और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया की वेबसाइटों क्रमशः http://www.bseindia.com और http://www.nseindia.com व एनएसडीएल की वेबसाइट https://www.evoting.nsdl.com पर उपलब्ध हैं।

कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 108 और कंपनियों (प्रबंधन और प्रशासन) नियम, 2014 के नियम 20 के प्रावधानों के अनुसार, समय-समय पर संशोधित, सेबी लिस्टिंग नियमों के नियम 44, इसके अर्न्तगत हुये संशोधन सहित और इंस्टीट्यूट ऑफ कंपनी सेकेट्रीज ऑफ इंडिया द्वारा जारी जनरल मीटिंग्स (एसएस -2) पर जारी सचिवीय मानक 2 की अनुपालना में कंपनी अपने सदस्यों को कट ऑफ दिनांक 3 मार्च 2021 तक जिन सदस्यों के पास शेयर थे, को ईजीएम के नोटिस में निर्धारित सभी विशेष संकल्पों के संबंध में उनके मताधिकार को क्रियान्वित करने की सुविधा प्रदान कर रही है।

सदस्य बैठक स्थल ('रिमोट ई-वोटिंग') या ईजीएम पर ई-वोटिंग के अलावा किसी अन्य स्थान से ई-वोटिंग प्रणाली का उपयोग करके अपने वोट डाल सकते हैं, कंपनी ने नेशनल सिक्योरिटीज डिपॉजिटरी लिमिटेड (एनएसडीएल) को ईजीएम के समय रिमोट ई-वोटिंग और ई-वोटिंग की सुविधा उपलब्ध कराने के लिए नियुक्त किया है। दूरस्थ ई-मतदान का विवरण निम्नानुसार है।

1. दूरस्थ ई-वोटिंग की अवधि शनिवार, 06 मार्च, 2021 (सुबह 9 बजे) (आईएसटी) से शुरू होकर मंगलवार, 09 मार्च, 2021 (शाम 5.00 बजे) (आईएसटी) पर समाप्त होगी।
2. कोई भी व्यक्ति , नोटिस के प्रेषण के बाद कंपनी के शेयरों को अधिग्रहित करता है और कंपनी का सदस्य बन जाता है और कट-ऑफ तिथि अर्थात बुधवार, मार्च 03,2021 तक कंपनी के शेयरों को अपने पास रखता है, evoting@nsdl.co.in या admin@skylinerta.com या cs@ommetals.com पर अनुरोध कर लॉगईन आईडी और पासवर्ड प्राप्त कर सकता है। यदि कोई व्यक्ति पहले से ही रिमोट ई-वोटिंग के लिए एनएसडीएल के साथ पंजीकृत है, तो मौजूदा यूजर आईडी और पासवर्ड का उपयोग वोट डालने के लिए कर सकता है। यदि आप अपना पासवर्ड भूल जाते हैं, तो आप www.evoting.nsbl.com पर उपलब्ध ''भूल गए यूजर्स विवरण / पासवर्ड'' विकल्प का उपयोग करके अपना पासवर्ड रीसेट कर सकते हैं। सदस्य एनएसडीएल के ई-वोटिंग सिस्टम पर वोट डालने के लिए ओटीपी (वन टाइम पासवर्ड) आधारित लॉगईन का भी उपयोग कर सकता है।
3. सदस्यों को यह भी सूचित किया जाता है कि
क) दूरस्थ ई-मतदान की अनुमति 9 मार्च 2021 को शाम 5.00 (आईएसटी) बजे के बाद नहीं दी जायेगी।
ख) ईजीएम में वीसी / ओएवीएम सुविधा के माध्यम से भाग लेने वाले सदस्य, जिन्होंने रिमोट ई-वोटिंग द्वारा अपना वोट नहीं डाला है, ईजीएम के दौरान ई-वोटिंग के माध्यम से अपना वोट डालने के हकदार होंगे।
ग) वे सदस्य जिन्होंने ईजीएम से पहले ई-वोटिंग द्वारा अपना वोट डाल दिया है, वे वीसी / ओएवीएम सुविधा के माध्यम से ईजीएम में भाग ले सकते हैं, लेकिन ईजीएम के दौरान ई-वोटिंग के माध्यम से फिर से अपना वोट डालने के हकदार नहीं होंगे।
घ) व्यक्ति , जिसका नाम सदस्यों के रजिस्टर में या डिपॉजिटरी द्वारा रखे गए लाभार्थी स्वामियों के रजिस्टर में कट-ऑफ तारीख, यानी बुधवार, 03 मार्च, 2021 तक दर्ज किया गया है, वें दूरस्थ ई-वोटिंग या ईजीएम के दौरान ई-वोटिंग की सुविधा प्राप्त करने का हकदार होगा।
ड.) ईजीएम के नोटिस में इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग या ईजीएम में वीसी / ओएवीएम सुविधा के माध्यम से शामिल होने की प्रक्रिया उपलब्ध है।
च) उन सदस्यों के ई-मेल पते के पंजीकरण का तरीका, जिनके ई-मेल एड्रैस कंपनी / आर एंड टी एजेंट / डीपी के साथ पंजीकृत नहीं हैं, ईजीएम के नोटिस में उपलब्ध हैं।
4. किसी भी प्रश्न के मामले में, आप वेबसाइट www.evoting.nsdl.com 'डाउनलोड सेक्शन' में उपलब्ध सदस्यों के लिए अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्न (एफएक्यू) और ई-वोटिंग उपयोगकर्ता पुस्तिका से जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। आप एनएसडीएल से टोल फ्री नंबर 18001020990 या 1800224430 पर भी संपर्क कर सकते हैं या evoing@nsdl.co.in पर अनुरोध भेज सकते हैं या amitv@nsdl.co.in पर अनुरोध भेज सकते हैं या श्री अमित विशाल, वरिष्ठ प्रबंधक- एनएसडीएल से 022- 24994360। +91 9920264780 पर या श्री सागर घोषालकर, सहायक प्रबंधक- एनएसडीएल से sagar.ghosalkar@nsdl.co.in /022-24994553/+919326781467 पर संपर्क कर सकते हैं, जो इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग से संबंधित शिकायत का समाधान करेंगे।

निदेशक मंडल के आदेश से ओम इंफ्रा लिमिटेड के लिए
कृते/-
रीना जैन
कंपनी सचिव

स्थानः जयपुर
दिनांकः 15 फरवरी 2021